न्यायालय :—अपर्णा आर. शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नरसिंहपुर
—:: आपराधिक कार्य विभाजन पत्रक में आंशिक संसोधन ::

क्रमांक— 20 / सी0जे0एम0 / 2024 नरसिंहपुर, दिनांक—20.02.2024

श्रीमती संगीता भारती राठौर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नरसिंहपुर की पदस्थापना एवं स्थानांतरण मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बैतूल के पद पर होने से एवं श्रीमती आरती ढींगरा, तत्कालीन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गाडरवारा की पदस्थापना तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश गाडरवारा के पद पर होने से दं0प्र0सं0 की धारा 14(1) तथा 15(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आपराधिक कार्य विभाजन पत्रक प्रभावशील दिनांक 14.06.2023 में निम्नानुसार संसोधन समाविष्ट किया जाता है जो तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा—

1. आपराधिक कार्य विभाजन पत्रक के सरल क्रमांक 2 (श्रीमती संगीता भारती राठौर, जे.एम.एफ.सी) के समक्ष कॉलम नंबर 4 की कंडिका क्रमांक 1 की प्रविष्टि (**आरक्षी केन्द्र ठेमी** से संबंधित आपराधिक प्रकरण) को विलोपित करते हुए सरल क्रमांक 4 (श्री राधाकृष्ण यादव, जे.एम.एफ.सी) के समक्ष कॉलम नंबर 4 की कंडिका क्रमांक 1, 2 के पश्चात प्रतिस्थापित किया जाता है।

2. आपराधिक कार्य विभाजन पत्रक के सरल क्रमांक 8 (श्रीमती आरती ढींगरा, जे.एम.एफ.सी) के समक्ष कॉलम नंबर 4 की कंडिका क्रमांक 1 की प्रविष्टि (**आरक्षी केन्द्र गाडरवारा** से संबंधित आपराधिक प्रकरण) को विलोपित करते हुए सरल क्रमांक 9 (श्री अश्विन परमार, जे.एम.एफ.सी) के समक्ष कॉलम नंबर 4 की कंडिका क्रमांक 5 के पश्चात प्रतिस्थापित किया जाता है।

3. आपराधिक कार्य विभाजन पत्रक के परिशिष्ट ब (न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी से संबंधित चार्ज प्रभार) में जिला मुख्यालय नरसिंहपुर के अंतर्गत सरल क्रमांक 1 की प्रविष्टि में निम्नानुसार संसोधन किया जाता है—

क	न्यायालय का नाम	प्रथम प्रभार	द्वितीय प्रभार	तृतीय प्रभार
1.	श्रीमती अपर्णा आर. शर्मा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नरसिंहपुर	श्री रोहित कुमार जे.एम.एफ.सी नरसिंहपुर	श्री राधाकृष्ण यादव जे.एम.एफ.सी नरसिंहपुर	श्री शुभम मोदी जे.एम.एफ.सी. नरसिंहपुर

SD/-
(अपर्णा आर. शर्मा)
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
नरसिंहपुर (म0प्र0)

पृष्ठांकन क्रमांक 20(6)/2024 नरसिंहपुर दिनांक 20.02.2024

प्रतिलिपि—1. कार्यालय माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय नरसिंहपुर म0प्र0 की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।
2. समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नरसिंहपुर / गाडरवारा / तेंदूखेड़ा / गोटेगांव की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर की ओर संबंधित थानों को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित।
4. जिला अभियोजन अधिकारी, नरसिंहपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ नरसिंहपुर / गाडरवारा की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
6. सिस्टम ऑफीसर कम्प्यूटर अनुभाग नरसिंहपुर की ओर संबंधित न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी को ई—मेल के माध्यम से भेजने हेतु प्रेषित।

(अपर्णा आर. शर्मा)
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
नरसिंहपुर (म0प्र0)